**राष्ट्रीय भारी वाहन नियामक (एनएचवीआर) [National Heavy Vehicle Regulator (NHVR)] क्वींसलैंड में पुलों के नीचे से गुज़रने की कोशिश करने वाले निर्धारित से अधिक ऊंचाई के ट्रकों के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है, क्योंकि गैर-अनुपालनीय वाहन ट्रेन यात्रियों और सड़क के अन्य उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं, यातायात में गंभीर विलंब का कारण बनने का जोखिम होते हैं, रेल सेवाओं को प्रभावित करते हैं, और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाते हैं।**

**पिछले साल क्वींसलैंड में पुलों से टकराने के कारण सड़क उपयोगकर्ताओं को लगभग 200 घंटों की देरी हुई थी। यहाँ तक कि सुरक्षा बीम से टकराने के कारण भी यातायात में गंभीर व्यवधान पैदा हो सकते हैं।**

## हमारी सड़कों की सुरक्षा के लिए अपने लोड (भार) की जांच करें:

प्रस्थान से पहले जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि:

- आपके वाहन में लोड के प्रकार और आकार को समायोजित करने की क्षमता है।
- लोड को बाँधा गया है, ताकि आपकी यात्रा के दौरान इसके गिरने या उखड़ने की संभावना नहीं है।
- उचित संयम विधि का उपयोग करके लोड को बांधा जाता है। ढीला-ढाला या सही तरीके से नहीं बांधा गया लोड दूसरों के लिए प्राणघातक हो सकता है, संपत्ति को नुकसान पहुँचा सकता है या खतरे पैदा कर सकता है।
- पर्याप्त स्थिरता, स्टीयरिंग और ब्रेकिंग बनाए रखने के लिए वाहन पर लोड की पोज़िशन निर्धारित करें।
- लोड को सुरक्षित रूप से बांधने वाले उपकरण चालू हालत में हैं और उन्हें उचित कार्यस्तर प्राप्त है।

## ब्रिस्बेन में पुलों की ऊँचाई:

यदि आपकी ऊँचाई सीमा से अधिक है, तो ब्रिस्बेन में इन रेल पुलों के नीचे ड्राइव करने की कोशिश न करें:

| | | |
|---|---|---|
| Ascot | Ascot Subway | 4.4m |
| Ascot | Racecourse Road | 3.5m |
| Auchenflower | Cue Street | 3.5m |
| Auchenflower | Dixon Street | 3.9m |
| Brisbane City | Countess Street | 4.4m |
| Brisbane City | Roma Street Subway Platform 3/4 | 3.5m |
| Brisbane City | To Platform 10 from Roma Street under Mains Tunnel | 4.5m |
| Buranda | Logan Road | 3.6m |
| Chelmer | Chelmer Street | 3.3m |
| Chelmer | Bridge Street | 2.9m |
| Corinda | Dunlop Terrace | 2.9m |
| Corindaw | Oxley Road | 3.6m |
| Corinda | Keble Street / Allan Terrace | 3.8m |
| Darra | Shamrock Road | 3.8m |
| Dutton Park | Annerley Road | 3.7m |
| Exhibition Grounds | Exhibition Bridge | 3.4m |
| Gaythorne | Pickering Street | 3.7m |
| Graceville | Long Street | 2.9m |
| Indooroopilly | Allwood Street | 2.8m |
| Indooroopilly | Keating Street | 4.3m |
| Milton | Park Road | 3.3m |

**दक्षिण पूर्व क्वींसलैंड में कम क्लियरेंस के सभी पुलों की सूची यहाँ देखी जा सकती है:**
www.queenslandrail.com.au/forcustomers/safetysecurity/railbridges

## हमसे संपर्क करें

NHVR की गतिविधियों, प्रकार्यों और सेवाओं के बारे में और अधिक जानकारी के लिए **www.nhvr.gov.au** पर जाएँ या हमसे संपर्क करें:

**ई** info@nhvr.gov.au
**फो** 13 NHVR (13 64 87)*

© कॉपीराइट राष्ट्रीय भारी वाहन नियामक (National Heavy Vehicle Regulator) 2024, creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0/au
अस्वीकरण: यह जानकारी केवल एक संदर्शिका है और इसपर कानूनी सलाह के तौर पर निर्भर नहीं करना चाहिए।
*मानक 13 XX XX कॉल शुल्क लागू होते हैं। कृपया अपने फोन प्रदाता के साथ जांच करें


240617

NHVR

# पुलों से टकराने वाले निर्धारित से अधिक ऊँचाई के ट्रकों के प्रति हमारा दृष्टिकोण



# अपने लोड को मापना



अपने लोड का माप लेना अनिवार्य है और इसे उस मार्ग के लिए कानूनी सीमाओं के अनुसार होना चाहिए, जिसपर आपका यात्रा करने का इरादा है।

यदि आप फ्लोट पर मशीनरी का परिवहन कर रहे/ही हैं, तो यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप मशीन या उपकरण के ऊपरी छोर तक सटीकता से माप लें। पुलों से टकराने वाली फ्लोट पर रखी एक आम मशीनरी एक्स्केवेटर है - बकेट या बूम की अवस्थिति की गलत गणना करने से इस बात के बीच फर्क हो सकता है कि आप कार्यस्थल पर जाते समय पुल को क्लियर कर सकें, लेकिन घर वापिस आते समय पुल से टकरा जाएँ।

- हाइट स्टिक, मापने वाले टेप, लेज़र तकनीक या मापने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग करके अपने लोड की ऊँचाई की जांच करें।
- यदि आपके वाहन की ऊँचाई 4.3मीटर से अधिक है, तो आवश्यक राष्ट्रीय या राजकीय नोटिस या NHVR से एक्सेस परमिट का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।
- भारी वाहनों के लिए निर्धारित आयाम आवश्यकताएँ भारी वाहन (द्रव्यमान, आयाम और लोडिंग) राष्ट्रीय विनियमन के तहत निर्धारित की गई हैं।
- भारी वाहनों के लिए ऊँचाई की सीमा 4.3मीटर है, बशर्ते कि यह इनमें से कोई वाहन न हो:
  - मवेशियों, घोड़ों, सुअरों या भेड़ों के परिवहन के लिए निर्मित वाहन - 4.6मीटर
  - वाहनों के परिवहन के लिए निर्मित कम से कम 2 डेक वाला वाहन - 4.6मीटर
  - डबल डेकर बस - 4.4मीटर

अन्य नियत आयामों को देखने के लिए यहाँ जाएँ:
www.nhvr.gov.au/common-freight

## अपनी यात्रा की योजना बनाना:

- एनएचवीआर राष्ट्रीय नेटवर्क मानचित्र (NHVR National Network Map) भारी वाहन उद्योग के लिए एकमात्र और आधिकारिक स्थान है, जहाँ वे अपने पूरे बेड़े के लिए राज्य और राज्य-क्षेत्र की सीमाओं के आर-पार यात्रा के नक्शे बना सकते हैं।
- यह नक्शा आपको दिखाएगा कि आपको कौन सी सड़कों पर वाहन चलाने की अनुमति है। यह ऑपरेटरों को राष्ट्रीय स्तर पर इस बात को देखने की अनुमति देता है कि वे कहाँ एक्सेस कर सकते हैं, और उन्हें कहाँ पर एक्सेस के लिए अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता है।
- आप NHVR के रूट प्लानर का उपयोग कर सकते/ती हैं, जिसमें भारी वाहनों के उपयोग के लिए अनुमोदित मार्गों के नक्शे दिए गए हैं।
- रूट प्लानर का उपयोग करके आपको इस बात की पहचान करने में भी मदद मिल सकती है कि एक्सेस परमिट का आवेदन कहाँ करने की आवश्यकता हो सकती है।
- यदि आप 4.6मीटर ऊंचे वाहन नोटिस के तहत परिचालन कर रहे/ही हैं, तो अधिकतम 4.6मीटर तक ऊंचे वाहनों के लिए स्वीकृत सड़कों का उपयोग करें।

## अपनी यात्रा शुरू करने से पहले:

- अपने वाहन की ऊँचाई और लोड की जानकारी होना सुनिश्चित करें।
- अपनी यात्रा शुरू करने से पहले सभी महत्वपूर्ण स्थानों के बारे में अवगत रहें।
- सुरंग या पुल की ऊँचाई क्लियरेंसेज़ से अवगत होना सुनिश्चित करें।
- अपने वाहन और लोड की जांच-पड़ताल करने के लिए स्टॉप्स निर्धारित करें।
- रूट (मार्ग) में होने वाले बदलावों के लिए योजना बनाएँ।

## ट्रांज़िट में:

- पूरी यात्रा के दौरान नियमित अंतरालों पर अपने लोड की गतिशीलता की जाँच करें, क्योंकि यह गतिशील हो सकता है।
- ज़रूरत पड़ने पर विश्राम क्षेत्रों में वाहन रोकें।
- यदि आपको समर्थन की आवश्यकता है, तो एनएचवीआर सुरक्षा एवं अनुपालन अधिकारियों (NHVR Safety and Compliance Officers) के साथ बातचीत करें, जो पूरे क्वींसलैंड-भर में स्थलों पर उपस्थित रहते हैं।
- सड़क पर संकेतों और सिग्नल्स का अनुपालन करें। क्वींसलैंड में कम क्लियरेंस के हरेक पुल पर संकेत लगाए गए हैं, जिनमें से कई संकेतों पर सुरक्षा बीम से लेकर हाइट चाइम्स तक के अतिरिक्त निवारक निर्देश भी प्रदर्शित हैं।

## जुर्माने:

अन्य मोटर चालकों के लिए गंभीर खतरा पैदा करने और यात्री ट्रेनों में विलंब करने के अलावा क्वींसलैंड में रेल के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने वाले ड्राइवरों पर इतना अधिकतम जुर्माना लगाया जा सकता है:

- $1,238 एवं चार डिमेरिट प्वॉइंट्स, और यदि मामला अदालत में जाता है, तो रेल के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने के लिए अधिकतम जुर्माना 80 पेनल्टी यूनिट्स (लगभग $12,384) है।

पुल से टकराने की घटना में शामिल या इसे देखने वाले किसी भी ड्राइवर को तुरंत इसकी सूचना क्वींसलैंड रेल (Queensland Rail) को देनी चाहिए। आप पुल पर लगाई गई पहचान प्लेट में दिए गए संपर्क नंबर का उपयोग करके या आपातकालीन नेटवर्क नियंत्रण (Emergency Network Control) को 1800 079 303 पर कॉल करके ऐसा कर सकते/ती हैं।




## हमारे बारे में

एनएचवीआर (NHVR) की स्थापना 2013 में ऑस्ट्रेलिया में भारी वाहनों के एकमात्र राष्ट्रीय नियामक होने और कई कानूनों के प्रशासन व प्रवर्तन के लिए की गई थी, जिसे भारी वाहन राष्ट्रीय कानून (एचवीएनएल) [Heavy Vehicle National Law (HVNL)] के रूप में जाना जाता है। नॉर्दर्न टेरिटरी और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के अलावा सभी राज्यों और राज्य-क्षेत्रों ने भारी वाहनों के लिए एकमात्र नियम पुस्तक के तौर पर HVNL को अपना लिया है। इसने सेवा वितरण, अनुपालन और प्रवर्तन के लिए अधिक सुव्यवस्थित दृष्टिकोण और भारी वाहनों को विनियमित करने के तरीके में काफी हद तक स्थिरता को सक्षम किया है। NHVR ड्राइवरों और मोटर चालकों, इन दोनों के लिए भारी वाहन शिक्षा पर पुरजोर ध्यान केन्द्रित करता है।